**गुरु नानक कॉलेज, धनबाद**

**एल्युमनी रीयूनियन / पूर्ववर्ती छात्र सम्मिलन**

**आयोजक:**

**गुरु नानक कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन / गुरु नानक कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र संघ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**आज दिनांक 27.02.2021 को गुरु नानक कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र संघ द्वारा महाविद्यालय के एस. जे. एस. ऑडिटोरियम, भूदा में सम्मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।**

**कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती समिता परमार के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र संघ का हिस्सा होने पर हर्ष व्यक्त किया और संघ से जुड़ने वाले तमाम सदस्यों का अभिवादन किया. उन्होंने माना कि गुरु नानक कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र संघ उन चुनिंदा पंजीकृत संस्थाओं में एक है जो समाज के प्रति और छात्रों के प्रति संवेदनशील है. श्रीमती परमार ने संघ को उम्दा काम करने की बधाइयाँ भी दीं.**

**कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय की पूर्ववर्ती छात्रा सिमरन छाबरा ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया, जिसके बाद शुभि बावेजा और श्वेता सिंह समेत उनकी टीम ने कुछ गीत प्रस्तुत किये. अगली पेशकश नैरंजना चटर्जी ने नृत्य के रूप में की, जिसके बाद शोविक चटर्जी ने मिमिक्री प्रस्तुत की.**

**कार्यक्रम के अगले चरण में श्रीमती सुधा पंड्या, श्री विकास कुमार सिंह और श्री राकेश रेवाड़ी ने अपने बहुमूल्य वक्तव्य के दौरान अपने अनुभव और महाविद्यालय के प्रति स्नेह प्रस्तुत किये. अगले महत्वपूर्ण वक्तव्य में महाविद्यालय के प्राचार्य और संघ के संगरक्षक प्रो. पी शेखर ने महाविद्यालय का भूत, वर्तमान साझा करते हुए भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला. उन्होंने पूर्ववर्ती छात्र संघ की नई शिक्षा नीति के अनुसार महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी मुख्य तौर पर बातचीत करते हुए**

**कहा की भविष्य में एल्युमनी एसोसिएशन का महाविद्यालय के प्रति आलोचनात्मक रवैया महाविद्यालय के लगातार विकास के लिए अहम रहेगा.**

**समारोह का औपचारिक समापन प्रो दलजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन से किया.**

**समारोह के दौरान मंच संचालन प्रो सोनू प्रसाद यादव ने किया.**

**इस अवसर पर गुरु नानक कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र संघ की ओर से श्री राकेश रेवाड़ी, एडवोकेट प्रवीर कृष्ण, सी ए शशि भूषण दूबे एवं श्री राहुल सुरेका समेत कई विशिष्ट पूर्ववर्ती छात्रों ने कार्यक्रम में शिरकत की.**

**कार्यक्रम में महाविद्यालय से प्रो संजय प्रसाद, प्रो गोपाल शांडिल्य, प्रो अमरजीत सिंह, प्रो संजय सिन्हा, प्रो संतोष कुमार, प्रो दीपक कुमार, प्रो दलजीत सिंह (सेक्रेटरी, एल्युमनी एसोसिएशन), प्रो पीयूष अग्रवाल (जॉइन्ट सेक्रेटरी, एल्युमनी एसोसिएशन), प्रो चिरंजीत अधिकारी, डॉ वर्षा सिंह, डॉ नीता ओझा, प्रो स्नेहल गोस्वामी (ट्रेज़रर, एल्युमनी एसोसिएशन), प्रो साधना सिंह, प्रो अनुराधा, प्रो अभिषेक कुमार, प्रो पिंकी कुमारी, प्रो सरिता मधेसिआ, लेफ्टिनेंट संजय कुमार सिंह (ए एन ओ), श्री इंद्रदेव सिंह, सुश्री नुशरत परवीन समेत सभी शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी सम्मिलित हुए.**